Bharat Temples

चलो कावड लाये रे आया सावन का महिना

चलो कावड लाये रे आया सावन का महिना
बोलो प्यारे बम बम भोला हर ले सारे गम
सब की पीड़ा मिट जाए आते पहली बार में
चलो कावड लाये रे आया सावन का महिना

केहते है सब उस को देखो वो भोला भंडारी है
जो भी आया शरण में उसकी पल में विपता टाली है
बोल के प्यारे बम बम भोला हर ले सारे गम,
ऐसा दीन दयालु मिले नही संसार में
चलो कावड लाये रे आया सावन का महिना

जटा जुट से बेहती गंगा जग के पाप मिटाती है
धरती और प्यारे जीवो की गंगा प्यास बूजाती है
बोल के प्यारे बम बम भोला हर ले सारे गम,
जन्म मरन के फंद कटे बस इक वारि इसनान में
चलो कावड लाये रे आया सावन का महिना

मंगल कारी नाम है उनका वो शक्ति के दाता है
भव सागर से तर जाता है शिव का नाम जो गाता है
बोलो प्यारे बम बम भोला हर ले सारे गम
शरण तुम्हारी जो भी आया रहा नही मजधार में

चलो कावड लाये रे आया सावन का महिना

Source:
https://www.bharattemples.com/chalo-kaawd-laaye-re-aaya-sawan-ka-mahina/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw